भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4179
(दिनांक 29.03.2022 को उत्तर देने के लिए)

न्यूज ऑन एयर रेडियो

4179. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्री रवि किशन:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अपनी नवीनतम न्यूज ऑन एयर रेडियो रैंकिंग शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके उद्देश्य और लक्ष्य क्या हैं;

(ग) न्यूज ऑन एयर पर चैनल को रैंकिंग देने के लिए अपनाए जाने वाले मानदंड का ब्यौरा क्या है;

(घ) सूची में शामिल रेडियो चैनलों के राज्य-वार नाम और रैंक क्या हैं;

(ङ) क्या सरकार न्यूज ऑन एयर रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चैनलों को कोई सहायता प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा अधिक से अधिक राज्य रेडियो चैनलों को न्यूज ऑन एयर रैंकिंग में भाग लेने और प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): प्रसार भारती ने जून, 2021 से "एंड्रायड" और "आईओएस" प्लेटफार्मों के लिए "न्यूजऑनएअर" मोबाइल एप्लीकेशन पर उपलब्ध इसके विभिन्न आकाशवाणी (एआईआर) चैनलों की रैंकिंग जारी करना शुरू किया है। आकाशवाणी की 85+ देशों के श्रोताओं के साथ "न्यूजऑनएअरऐप" पर लाइव स्ट्रीम की जा रही 270 से अधिक रेडियो सेवाओं को मापा जाता है और विभिन्न हितधारकों की सूचना के लिए इनकी रैंकिंग जारी की जाती है।

(ग) और (घ): प्रत्येक आकाशवाणी चैनल स्ट्रीम के श्रोताओं के आकंडों को प्लेटफार्म पर प्राप्त अनुरोध की संख्या के आधार पर प्लेटफार्म पर मापा जाता है। ये चैनल न्यूजऑनएअरऐप पर उपलब्ध हैं।

(ङ): विभिन्न आकाशवाणी चैनलों के निश्चित बिंदु चार्ट को लक्षित श्रोताओं की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय प्रोगामिंग की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। प्रसार भारती विभिन्न आकाशवाणी चैनलों को आवश्यक मानवीय और बजटीय सहायता प्रदान करता है ताकि इन आकाशवाणी चैनलों का संचालन कुशलतापूर्वक किया जा सके।

(च): प्रसार भारती ने न्यूजऑनएअर एप्लीकेशन पर देशभर के विभिन्न आकाशवाणी स्टेशनों से मूलतः प्रसारित होने वाले इसके आकाशवाणी चैनलों को रखा है जिनके लिए समय-समय पर रैंकिंग जारी की जाती है।

******